हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 12 अक्टूबर 2025

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 ऑटो चालकों की समस्याओं का कराएंगे समाधान...



07 नगर में टैंकरों से हो रही पानी की सप्लाई, हर घर...




## खबर संक्षेप



### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीहोर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रोहिताश्व शर्मा ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित बीमारियों से बचने के तरीके बताए।

### आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के प्रस्तावित शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के आधार अपडेशन के लिए आधार विद्यालय के द्वार अभियान का द्वितीय चरण आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को इस अभियान के तहत 10 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रस्तावित शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कैंप आधार अपडेशन कैंप लगाकर विद्यार्थियो के आधार कार्ड बनाने और आधार अपडेट कराने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने बीईओ एवं बीआरसीसी को अपने कार्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा प्रभारी अधिकारी नियुक्त करके कैम्प स्थल से समन्वय कर प्रतिदिवस की रिपोर्ट संकलित कराने के भी निर्देश दिए हैं।

### घर-घर जाकर मरीजों का सर्वे करें

**सीहोर।** सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी मे बैठक लेकर यहां पर दर्ज पीलिया के मरीजों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही सर्विलांस टीम के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि घर-घर जाकर मरीजों का सर्वे किया जाए। बैठक में एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. रुचिरा उइके, डॉ. डी बड़ोदिया सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आईटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की आखिरी तिथि 17 अक्टूबर

**सीहोर।** शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए पहले आओ पहले पाओ राउंड शुरू किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है। इसके लिए नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग और त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल खुला हुआ है।

### सागौन की तस्करी करने वाले गिरोह जिले में सक्रिय, हरे-भरे पेड़ों पर चला रहे कुल्हाड़ी

# हाई प्रोफाइल तस्करों ने लोहापठार जंगल के पास काटे सागौन के पेड़

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार इन सागौन के पेड़ों की मोटाई, गोलाई और साइज एक जैसी होती है और सबसे खास बात यह है कि इनमें गांठें नहीं होती हैं।






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के इछावर स्थित वीरपुर के घने जंगलों में इन दिनों हाई प्रोफाइल तस्करों की चांदी कट रही है। इन तस्करों की नजर जंगल के उन बेशकीमती सागौन के पेड़ों पर है, जिनमें 'गांठ' नहीं होती। फर्नीचर और बड़े-बड़े भवनों की बारीक नक्काशी के लिए इन सागौन की लकड़ी की बाजार में ऊंची कीमत पर मांग होती है। बताया जा रहा है कि बीती रात रेहटी-चकल्दी सडक़ से महज दो किलोमीटर दूर जंगलों में तस्करों ने गुपचुप तरीके से इन कीमती सागौन के पेड़ों को काटा है, तस्करी करने की जुगत में थे, लेकिन नाकाम रहे।

वीरपुर वन क्षेत्र के लोहा पठार इलाके में जिन सागौन के पेड़ों को निशाना बनाया गया वह साधारण नहीं है। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार इन सागौन के पेड़ों की मोटाई, गोलाई और साइज एक जैसी होती है और सबसे खास बात यह है कि इनमें गांठें नहीं होती हैं। गांठ रहित होने के कारण यह लकड़ी फर्नीचर बनाने या मकानों की नक्काशी के काम में बहुत सफाई से इस्तेमाल होती है, इसलिए इनकी डिमांड बड़े शहरों के बड़े ठेकेदारों और तस्करों के बीच अधिक रहती है। तस्कर पहले दिन के समय आकर इन खास पेड़ों को चिन्हित करते हैं और फिर रात के अंधेरे में अपनी कारस्तानी को अंजाम देते हैं।

#### तीन जिलों के बीच फंसा वीर

वीरपुर वन क्षेत्र एक ऐसा संवेदनशील इलाका है जो न सिर्फ वन विभाग बल्कि वन विकास निगम के क्षेत्र में भी आता है। वीरपुर डेम का कुछ हिस्सा भोपाल जिले में कुछ रायसेन में और कुछ सीहोर जिले के इछावर क्षेत्र में पड़ता है। इसका फायदा तस्कर उठा रहे हैं, जबकि सीहोर का वन विभाग अपनी जिम्मेदारी दूसरे जिलों या वन विकास निगम पर ढोल रहा है। रेहटी-चकल्दी रोड के पास लोहा पठार से सिर्फ 2 किमी आगे तस्करों ने पेड़ काट डाले, लेकिन इछावर वन विभाग का अमला मौके पर नहीं पहुंच पाया। मामले की जानकारी मिलने पर इछावर के रेंजर वीरेंद्र बिसोरिया ने केवल इतना ही कहा कि मैं दिखवाता हूं।

### करवा चौथ की रात टूटा विश्वास!

# पत्नी बच्चों को लेकर हुई 'गायब', सदमे में पति ने फांसी लगाकर दी जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

करवा चौथ... पति की लंबी आयु और अटूट प्रेम का वह पर्व, जिसे पूरा देश धूमधाम से मना रहा था। एक ओर जहां हर सुहागिन पत्नी अपने पति की आरती उतारकर उनके हाथों से जल ग्रहण कर रही थी, वहीं सीहोर में इसी रात एक पति ने धोखे और अकेलेपन से टूटकर फांसी के फंदे को गले लगा लिया।

यह दुखद घटना सीहोर के गणेश मंदिर रोड स्थित एक कॉलोनी की है, जहां धर्मेंद्र कुशवाह नामक युवक ने अपने घर में आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र की पत्नी ने ठीक करवा चौथ के दिन उसके साथ विश्वासघात किया। वह अपने पति को छोडक़र किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई और जाते-जाते अपने साथ उनके दो मासूम बच्चों को भी ले गई।

#### सभी मना रहे पर्व, धर्मेंद्र ने किया अंत

धर्मेंद्र के परिजनों ने बताया कि पत्नी और बच्चों के अचानक चले जाने से धर्मेंद्र सदमे में था। उसने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन उचित कार्रवाई न होने से उसकी हताशा बढ़ती गई। जिस रात को हर पति-पत्नी प्रेम और साथ रहने की कसमें दोहरा रहे थे, उसी रात पत्नी और बच्चों के वियोग में अकेला पड़ा धर्मेंद्र फांसी के फंदे पर झूल गया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 5100 दीपों से जगमग होगा मनकामेश्वर महदेव मंदिर

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी दीपावली के पावन अवसर पर देश की मिट्टी के दीपों से पर्व मनाए जाने के लिए प्रजापति समाज के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आगामी 17 अक्टूबर को इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। इसके अलावा शहर के एक दर्जन से अधिक मंदिरों में समाज के द्वारा 50-50 मिट्टी के दीपों को वितरण भी किया जाएगा। उक्त आयोजन स्वदेश अपनाओं के तहत किया जा रहा है। गत वर्ष 2018 से इस मिशन की शुरूआत प्रजापति समाज के अध्यक्ष विष्णु सम्राट प्रजापति और समाज के वरिष्ठजनों द्वारा की गई थी। इस मिशन से क्षेत्रवासियों के अलावा सभी समाज, संस्था और जनप्रतिनिधि जुडें है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिशन माटी दीप के तहत दीपावली पर मिट्टी से बने दीपों का उपयोग और हिन्दुओं को जागृत करने के लिए प्रजापति समाज ने मनकामेश्वर मंदिर में 5100 दीपों को एक साथ प्रज्जवलित करेगा। आयोजन रात्रि सात से 9 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए शहर के बस स्टैंड पर आयोजन समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया था।

इस मौके पर समिति के द्वारा निर्णय लिया गया है कि समाज के द्वारा लगातार आठ सालों से मिशन माटी दीप अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में कोरोना संक्रमण के दौरान सांकेतिक रूप से आयोजन किया गया था, लेकिन अब विगत कई सालों से आस्था और उत्साह के साथ अभियान चलाया जा रहा है। जिसका परिणाम दिखाई दे रहा है और इस मिशन से प्रभावित क्षेत्रवासी मिट्टी के दीप की खरीदी कर रहे है।

आगामी 17 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा, विधायक सुदेश राय, समाजसेवी अखिलेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, राजकुमार गुप्ता के अलावा सभी क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और संस्था आदि मौजूद रहेंगे।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जलाशयों के जलस्तर को देखने किया भगवानपुरा-जमोनिया तालाब का निरीक्षण

### अल्प बारिश के चलते तालाबों में जल भराव कम होने गर्मी में गहरा सकता है जलसंकट



**सीहोर।** मानसून की विदाई हो गई है और इस वर्ष कम बारिश को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आगामी दिनों में जल संकट से उभरने के लिए रणनीति पर अमल करना शुरू कर दिया है। शनिवार को नपाध्यक्ष श्री राठौर ने इंजीनियर विजय कोली सहित नगर पालिका के अमले के साथ जिला मुख्यालय के समीपस्थ भगवानपुरा और जमोनिया डेम का निरीक्षण किया। इस मौके पर इंजीनियर कोली ने बताया कि कम बारिश के कारण पिछले वर्ष से बारिश कम दर्ज होने के कारण इसका असर डेम के जल स्तर पर हुआ है। उनके मुताबिक गत वर्ष भगवानपुरा डेम का जल स्तर 23 फीट के करीब था, लेकिन अब वर्तमान जल स्तर 21 फीट है और वहीं जमोनिया डेम का पिछले वर्ष 28 फीट के करीब था, लेकिन अब 23 फीट के करीब है। इसको देखते हुए पानी की चोरी आदि को रोकने का विशेष इंतजाम किया जाएगा। इसको लिए उन्होंने अमले को निर्देश दिए है कि टीम द्वारा डेम के पानी का मिसयुज नहीं हो। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने पानी की बचत करने और व्यर्थ बहाव रोकने की भी सलाह दी, अल्प बारिश के कारण जलाशयों का जल स्तर घटता जा रहा है। पानी की समस्या का निदान करने के लिए और नियमित रूप से शहरवासियों को पानी की सप्लाई होती रहे इसके लिए नपाध्यक्ष राठौर की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहरवासियों के लिए जीवनदायनी सीवन के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य किया गया था, इसके अलावा जर्जर पाइप लाइन को दुरुस्त करने के लिए पूर्व में करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस वर्ष अल्प वर्षा के चलते आगामी दिनों में जमुनिया जलाशय और काहिरी बंधान पर पर्याप्त जल भंडारण पर जोर दिया जाना आवश्यक है। शहर के जल स्तर को बनाए रखने के लिए जल प्रदाय व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के मद्देनजर बंधान में पर्याप्त जल भंडारण की बात कही।

**गहरीकरण का असर सीवन नदी लबालब :** गर्मी के दिनों में नगर पालिका ने जल संवर्धन योजना के अंतर्गत सीवन नदी के गहरीकरण का कार्य करवाया था, इसका सार्थक असर देखने को मिल रहा है, सीवन नदी लबालब है और इस पानी के कारण क्षेत्रवासियों के बोर आदि रिचार्ज है और जल स्तर में वृद्धि हुई है। सीवन नदी के पानी की चोरी नहीं हो इसका भी इंतजाम किया जाना है।

### ईंटखेड़ा के युवक से दो हजार उधार लिए थे, विश्व हिंदू परिषद ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियां 4 अक्टूबर को लापता हो गईं। परिजनों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में आज (शनिवार) विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जामुन छापरी निवासी सपना कोरकू और प्रिया कोरकू 4 अक्टूबर को बिना बताए घर से चली गई थीं। परिजनों ने काफी तलाश के बाद 6 अक्टूबर को बिलकिसगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों लड़कियां जाने से पहले ईंटखेड़ा के अरबाज नामक व्यक्ति से दो हजार रुपए उधार लेकर गई थीं। पुलिस अरबाज से पूछताछ कर रही है। लड़कियों का पता न चलने और पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मामले में कठोर और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर दुष्कर्म, फिर एक लाख में बेचने वाले दोषी को आजीवन कारावास

#### विशेष न्यायालय ने आरोपी भगवान सिंह गुर्जर 1500 रुपए के अर्थदंड से भी दंडित



**सीहोर।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने और फिर उसे एक लाख रुपये में बेचकर जबरन शादी कराने के अपराध में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला अभियोजन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार घटना जावर थाना क्षेत्र की है। पीड़ित बालिका के माता-पिता ने 9 जून 2021 को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद बालिका को 23 जून 2021 को आरोपी भगवान सिंह गुर्जर के कब्जे से राजगढ़ से जब्त किया गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि प्रभु और लच्छू नाम के दो व्यक्ति उसे अच्छी जगह ऊंची जाति में शादी कराने का झांसा देकर मोटर साइकिल पर ले गए और उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद तीनों आरोपी प्रभु, लच्छू और रतनलाल ने मिलकर उसे राजगढ़ निवासी भगवान सिंह गुर्जर (उम्र 30 वर्ष) को एक लाख रुपये में बेचकर उसकी शादी करा दी। आरोपी भगवान सिंह गुर्जर, ग्राम सिमरोल राजगढ़ उसे जान से मारने की धमकी देकर रोज उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करता था। अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी भगवान सिंह गुर्जर को दोषी पाया।

न्यायालय ने उसे पॉक्सो एक्ट एवं एससीएसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास और कुल 1500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं प्रभु, लच्छु और रतनलाल को साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रेखा यादव ने की।

### मंडी स्थित खाद वितरण केंद्रों पर लगी रहीं किसानों की लंबी कतारें

# किसान बोले: एनपीके से पैदावार 50 प्रतिशत तक होगी प्रभावित, डीएपी के लिए लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले के किसान इस समय अपनी फसलों की बोवनी के लिए डीएपी (डायमोनियम फॉस्फेट) खाद की कमी से जूझ रहे हैं। शुक्रवार को मंडी स्थित खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की लंबी कतारें देखी गईं, लेकिन अधिकांश किसानों को डीएपी नहीं मिल पाई। यूरिया तो मिल रही है, लेकिन डीएपी की जगह एनपीके विकल्प के तौर पर दी जा रही है, पर किसान संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि इससे उनकी फसल की पैदावार 25 से 50 फीसदी तक प्रभावित हो सकती है। किसान सुबह-सुबह खाद वितरण केंद्रों पर पहुंचकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। धूप में घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी जब खाद लेने की बारी आती है तो उन्हें डीएपी खाद नहीं मिलती। उसकी जगह दूसरी खाद दी जाती है, जो उनके काम की नहीं होती।

डीएपी नहीं मिली, किसानों में नाराजगी उलझावन गांव के किसान भगवान सिंह ने बताया कि वे मंडी स्थित सहकारी भंडारण केंद्र पर सुबह से इंतजार कर रहे थे लेकिन डीएपी की एक भी बोरी नहीं मिली। उन्हें दूसरी खाद दी गई, जो उनके लिए कोई समाधान नहीं है। भगवान सिंह ने कहा, हम हर दिन खाद के लिए लाइन में लगते हैं, लेकिन काम की चीज नहीं मिलती। इससे फसल पर असर पड़ेगा। उत्पादन पर होगा नकारात्मक प्रभाव मंडी के ही किसान हीरालाल ने कहा कि डीएपी की कमी के कारण उनकी फसलों की बढ़वार सही तरीके से नहीं हो पाएगी। डीएपी के बिना पौधों को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते, जिससे उत्पादन 25 से 50 प्रतिशत तक घट सकता है। सरकार से अपेक्षा है कि वे समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करें। ताकि हम पैदावार को बढ़ा सके।

**डिमांड और उपलब्धता का अंतर:** सीहोर जिले में यूरिया की कुल डिमांड इस सीजन के लिए करीब 90 हजार टन है, जबकि अब तक मात्र 19,216 टन यूरिया उपलब्ध हो पाया है, जिसमें से 10,932 टन का वितरण किया जा चुका है। वहीं, डीएपी की मांग 23 हजार टन है, सिर्फ 5,316 टन ही प्राप्त हुआ है, जिसका लगभग 2,254 टन वितरण हो चुका है।

# पटाखा दुकानों की नीलामी, 61 हजार में बिकी एक नंबर दुकान

### दुकानें महंगे बिकने पर लोगों ने जताई चिंता, बोले अब पटाखे भी महंगे बिकेंगे



**सीहोर।** दीपावली त्योहार से पहले नगर पालिका परिसर में हुई पटाखा दुकानों की नीलामी ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कुल 58 दुकानों के लिए लगाई गई बोली में दुकानदारों ने भारी भरकम राशि चुकाई है, जिससे लोगों ने चिंता जताई है कि इस बार ग्राहकों को पटाखे खरीदने के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।

नीलामी के दौरान दुकान नंबर एक की बोली 61 हजार रुपये तक पहुंच गई, जबकि दुकान नंबर दो 35 हजार रुपये में बिकी। इतनी ऊंची कीमतों पर दुकानें बिकने के बाद शहर के लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चिंता जताई है कि महंगी नीलामी के चलते पटाखों के दाम भी बढ़ जाएंगे। इस वर्ष ये 58 दुकानें बीएसआई ग्राउंड पर लगाई जाएंगी। विप्रजनों के अनुसार दीपावली का त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

**कलेक्टर ने दिए सुरक्षा के निर्देश:** इधर पटाखा दुकानों को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. पहले ही कड़े निर्देश जारी कर चुके हैं।

कलेक्टर ने जिले भर में अधिकारियों को दीपावली के लिए खुले स्थान का चयन करने, फायर ब्रिगेड और अग्निशमन यंत्र जैसे सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

## खबर संक्षेप

### मप्र कर्मचारी कल्याण कोष के विनोद राठौर प्रदेश महामंत्री नियुक्त



सीहोर। मध्यप्रदेश के शिक्षकों के आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित कर्मचारी कल्याण कोष, मध्यप्रदेश (पीएमयुएम) द्वारा आज एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लिया गया। प्रान्ताध्यक्ष मुरली मनोहर अजरिया के मार्गदर्शन एवं प्रान्त संस्थापक सतीश खरे की अनुशंसा पर विनोद राठौर (नीमच) को प्रदेश महामंत्री, पीएमयुएम कर्मचारी कल्याण कोष, मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ती पर बधाई देने वाले में राजेंद्र सिंह सिसोदिया, महेश राठौर, लखन लाल मालवीय, जगदीश प्रसाद वर्मा, कृष्ण गोपाल वर्मा, चन्दर परमार, संजय श्रीवास्तव आदि शामिल हैं।

### समग्र आईडी और आधार कार्ड से ईकेवाईसी जरूरी

**सीहोर**। सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं और होने वाली धोखाधड़ी तथा असुविधा से बच सकते हैं।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर**। किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही।

### ऑटो चालकों ने भोपाल नाका से कुबेरेश्वर धाम तक निकाली रैली, यूनियन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई

# ऑटो चालकों की समस्याओं का कराएंगे समाधान पूरी ईमानदारी से करें काम : विधायक सुदेश राय

#### सिद्धपुर ऑटो यूनियन का किया गया गठन, अध्यक्ष बने सोनी और महामंत्री बने कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ऑटो चालकों ने शनिवार को विधायक सुदेश राय के सरंक्षण में सिद्धपुर ऑटो यूनियन का गठन किया। ऑटो चालकों ने सर्वसहमति से ऑटो चालक संजय सोनी को यूनियन का अध्यक्ष चुना और शहर के एक हजार से अधिक ऑटो चालकों ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। ऑटो यूनियन ने भोपाल नाका से शहर के प्रमुख मार्गो से होकर कुबुरेश्वर धाम तक रैली निकाली।

ऑटो चालकों का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि कुबेरेश्वर धाम के बाहर पंडित जी से चर्चा कर सुविधाजनक ऑटो स्टेंड बनाया जाएगा जिससे की ऑटो चालकों को पर्याप्त सवारी मिले और सभी का रोजगार बना रहे। ऑटो चालकों को सरकारी योजनाओं का भी लाभ दिलाऐंगे। हमारे शहर के ऑटो चालक शहर की शान है बाहर से आने वाले मेहमानों का सबसे पहले ऑटो चालक ही स्वागत करते है, उन्होने कहा कि ऑटो चालकों की हर समस्या परेशानियों का समाधन कराया जाएगा। सहयोग के लिए हम ऑटो चालक भाईयों के साथ हमेशा खड़े है ऑटो चालक ईमानदारी से काम करें यात्रियों से दुव्र्यवहार नहीं करें और श्रद्धालुओं का पूरी तरह से सहयोग करें आपके व्यवहार से शहर का नाम खराब नहीं होना चाहिए,इस बात का ध्यान रखें।

**यह है यूनियन के पदाधिकारी :** सर्वसहमति से यूनियन का अध्यक्ष संजय सोनी, उपाध्यक्ष राकेश मालवीय, कोषाध्यक्ष नागेश भावसार, संगठनमंत्री विजय चौधरी, महामंत्री राहुल कौशल, महासचिव शुभम कौशल, सचिव राज खरे, संगठन मंत्री रवि मालवीय, सचिव मान सिंह राठौर मनीष कौशल आदि को चुना गया और सभी ऑटो चालकों को वरिष्ठ सदस्य के रूप में यूनियन में सम्मिलित किया गया।



**यहां से निकाली गई ऑटो रैली**

सद्धपुर ऑटो यूनियन के गठन के बाद एकता का प्रदर्शन करते हुए ऑटो चालकों ने भोपाल नाका कॉलेज मैदान से रैली का शुभारंभ किया। लम्बी कतार में एक के पीछे एक ऑटो बस स्टेंड,आनंद डेयरी चौराहा, कोतवाली चौराहा, पुराना बस स्टेंड मुछलीपुल, लुनिया चौराहा, शकर फेक्ट्री चौराहा, तहसील चौराहा, बकरी पुल से इंदौर नाका होते हुए चौपाल सागर से सीधे कुबुरेंश्वर धाम रैली पहुंची यह पर यूनियन अध्यक्ष संजय सोनी और सभी सदस्यों ने बाबा कुबेर भंडारे के दर्शन किए। ऑटो चालकों ने यूनियन अध्यक्ष संजय सोनी का फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया।



**अब नहीं होगी परेशानी**

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कहा कि यूनियन नहीं होने से ऑटो चालक बिखरे हुए थे और अपनी मांगों को पूरा नहीं करवा पा रहे है थे अब संगठन के बल पर भाजपा के साथ जुड़कर ऑटो चालक शहर में आने वाले यात्रियों की सेवा करेंगे और विधायक सुदेश राय के सरंक्षण में अपनी समसयाओं का समाधान भी कराएंगे।

## चांद का दीदार कर महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत खोला: पति के लिए लंबी उम्र की कामना की, चौथ माता की कथा सुनी







हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर सहित शहरभर करवा चौथ का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखा और चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोला। इस दौरान महिलाओं ने मिट्टी से बने करवे का उपयोग कर पूजा-अर्चना की। चंद्र दर्शन के पश्चात पतियों के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत संपन्न किया। यह व्रत प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। व्रतधारी महिलाएं सज-धज कर सामूहिक रूप से एकत्रित हुईं। उन्होंने करवा चौथ की कथा सुनी और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस दौरान महिलाओं ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर अपने घरों के पास या मोहल्लों में समूह बनाकर यह पर्व मनाया। करवा चौथ की खरीदारी के कारण नगर के बाज़ार में दिनभर भीड़भाड़ रही। जेपी मार्केट रॉयल मार्केट सहित अन्य स्थानों पर मिट्टी के करवे तथा पूजा सामग्री की दुकानें सजी रहीं, जहां देर शाम तक खरीदारी का दौर जारी रहा। महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखा और चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोला। इस दौरान महिलाओं ने मिट्टी से बने करवे का उपयोग कर पूजा-अर्चना की। चंद्र दर्शन के पश्चात पतियों के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत संपन्न किया। यह व्रत प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है।

**पति की दीर्घ आयु, अखंड सौभाग्य, सुख समृद्धि के लिए निर्जला व्रत :** महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र,अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा। व्रती महिलाओं ने दिनभर अन्न और जल का त्याग कर निर्जला उपवास किया। शाम को चौथ माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 6:08 बजे से 7:20 बजे तक निर्धारित था। चंद्र दर्शन रात 8:15 बजे के आसपास हुए, जिसके बाद महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य दिया और व्रत खोला। पर्व के दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया। उन्होंने मेहंदी लगाई और पारंपरिक परिधानों में सजकर करवा चौथ की पूजा में भाग लिया। पूजा संपन्न होने से पहले महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनी। इसके उपरांत, करवा माता और चंद्रदेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला।

## करवा चौथ पर पत्नियों ने रखा पतिदेव की लंबी उम्र के लिए कठिन व्रत



**सीहोर**। करवा चौथ की पावन रात आसमान में घने बादल, आँखों में इंतज़ार की चमक, और हाथों में सजी मेहंदी। सीहोर की महिलाओं ने इस वर्ष भी पतिदेव की दीर्घायु की कामना के लिए कठिन व्रत रखा। पारंपरिक परिधान में सजी महिलाएँ, हाथों में थाली, दीया और छलनी लिए देर रात तक आकाश की ओर ताकती रहीं। जैसे ही बादलों के बीच से थोड़ी सी रोशनी झलकी, हर स्त्री ने छलनी से चाँद और फिर पति का चेहरा देखकर व्रत खोला। मान्यता है कि छलनी से चाँद देखने पर नकारात्मक ऊर्जा छंट जाती है और शुभता जीवन में आती है।चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद जब पतियों ने अपने हाथों से जल पिलाया, तो हर चेहरे पर सुकून और विश्वास की झलक दिखाई दी। छलनी के छोटे-छोटे छिद्रों की तरह, जीवन की मुश्किलें भी इस व्रत की आस्था के आगे क्षणिक लगने लगीं। करवा चौथ सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि उस अनकहे प्रेम की अनुभूति है जो सीहोर की हर सुहागिन के चेहरे पर आज भी झलक रही है। जहाँ छलनी में न सही, पर दिल में हर पत्नी ने अपने चाँद को देख लिया।



### राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में हुआ चयन

**बुधनी**। लोक शिक्षण संचनालय द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता में वर्ग 19 एवं 17 के खिलाड़ियों ने मंडीदीप रायसेन और राजगढ़ जिले में आयोजित हुई प्रतियोगिता में दीनदयाल कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने सीहोर जिले की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया और राज्य स्तर पर चयनित हुए इनमें रोहन विश्वकर्मा एवं विकास विश्वकर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया वही 13 से 17 अक्टूबर को नरसिंहपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में यह खिलाड़ी भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे इस मौके पर प्राचार्य जेके त्रिपाठी ने कोच आकाश मसीह और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।




## दि ऑक्सफोर्ड के कृष्णा कंगाली का राज्य स्तरीय अंडर-17 शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय द ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर के कक्षा 10वीं के छात्र कृष्णा कंगाली का राज्य स्तरीय अंडर-17 शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

यह प्रतियोगिता खेल कैलेंडर वर्ष 2025-26 के अंतर्गत दिनांक 08 से 12 अक्टूबर 2025 तक खण्डवा में आयोजित की जा रही है। कृष्णा का चयन जिला एवं संभागीय स्तर पर उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। वह अब राज्य स्तर पर भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेगा।




कृष्णा कंगाली ने उक्त उपलब्धि विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर सुमित शर्मा का मार्गदर्शन में प्राप्त की है। एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन, जिला खेल अधिकारी अताउल्ला खान तथा सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की।

### श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रही धर्म सभा

# प्रवचन: दूसरे से अपेक्षा रखना ही अपनी आत्मा को पराधीन करना है : मुनिश्री अक्षय सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रत्येक जीव का लक्ष्य होता है सुख को प्राप्त करने का। लेकिन सुख के स्थान का ज्ञान नहीं होने के कारण संसारी पर पदार्थ में सुख ढूंढने की कोशिश अनन्त काल से करता आ रहा है। लेकिन उसका लक्ष्य अभी भी बाहर ही है । सुख अपने पास ही रहता है। इसका ज्ञान नहीं होने के कारण पुद् गल के द्वारा सुख मानने की कोशिश करता रहा है। उक्त अमृत वाणी मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए छह ढाला वाचन करते हुए प्रवचन में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य गुरु महाराज कहते थे दूसरे से अपेक्षा रखना ही अपनी आत्मा को पराधीन करना है और जो व्यक्ति कर लेता हैं वह पराधीन हों जाता है और पराया हो जाता है पर पदार्थ में ही रहता है इसीलिए तीसरी ढाल के प्रारंभ में बताकर आए हैं। आत्मा का हित सुख में है। और सुख प्राप्त करने का स्थान मोक्ष में है। और उसके साधन



सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र है।इसलिए कल बताया था कि देव जिनेन्द्र गुरु परिग्रह बिन , धर्म दयाजुत सारो। येहू मान समकित को कारन अष्ट अंग जुत धारों । यहां सम्यक दर्शन हमारा कर्तव्य होता है कि हमारी जितनी भी चर्या है सम्यक्वाचरण होना चाहिए। अष्ट पाश में दो प्रकार के चारित्र बताएं सम्यक्वाचरण चारित्र और स्वरुपाचर चारित्र जों सम्यक के योग्य आचरण करता है सम्यक्वाचरण बोलते हैं।देव पूजा गुरु उपासना स्वाध्याय, संयम,तप और दान ये सम्यक की उपलब्धि के लिए अर्थात धर्म में स्थिर रहने के लिए क्रिया करने के लिए कहा है मुनिश्री ने उदाहरण देते हुए बताया कि चातुर्मास में वर्षा के कारण नदी में बाढ़ आ जाती है और बाढ़ आने के कारण पानी क्या हो जाता है गंदा हो जाता है । लाल लाल पानी दिखता है। अपने को और अन्य समय में बारिश बंद होते ही जों पात्र से बाहर पानी आया था वो सब क्या होता है अपने पात्र में अधिक होता है? अपने पात्र में ही पानी बहना शुरू हो जाता है। तब वो पानी निर्मल रहता है। उसी वक्त क्या पानी रहता है? नदी का निर्माण हैं।उसी तरह चातुर्मास में इतने त्योहार आते हैं।तों ये त्यौहार करते करते बाहर के त्यौहार का थोड़ा थौड़ा सा प्रभाव पड़ जाता है।इसलिए हमारा सम्यक दर्शन मन होने की पूरी संभावना रहतीं हैं इसलिए सावधान रहने को कहा है।कि धर्म जैसे चोक में रखा हुआ दीपक कहा से हवा का दीपक बुझेगा कह नहीं सकते उसी तरह अपना सम्यक दर्शन रुपी दीपक की क्या करना पड़ेगी सुरक्षा करना पड़ेगा नहीं तो आपका दीपक बुझने की पूरी संभावना बनेगी और इसीलिए ऐसे सम्यक दर्शन जो हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए क्योंकि हम लोग इसे लेते हुए हमारे पास सम्यक दर्शन नहीं था पंचम काल में सम्यक दर्शन के साथ जन्म नहीं होता। किस के साथ होता है मिथ्या के साथ होता है।प्रवचन के पश्चात जिनवाणी स्तुति का श्रावक श्राविकाओ ने गायन किया।दोपहर में स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा में श्रद्धालुओ ने ज्ञानार्जन किया।संध्या को गुरु भक्ति संगीत मय महाआरती भजन कीर्तन करते हुए प्रभु का स्मरण किया।

### 5वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता आज




**सीहोर**। रविवार को पांचवीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता शहर के इंदौर नाके स्थित बजरंग कॉलोनी में होगी और इसमें प्रदेशभर से 200 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इससे पहले शनिवार को सात दिन चलने वाले कराटे प्रशिक्षण शिविर का समापन किया जाएगा।

प्रतियोगिता का आयोजन मास्टर ऑफ ताओ कराटे एसोसिएशन कर रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में सीहोर कलेक्टर बाला गुरु के, समाजसेवी अखिलेश राय, कथावाचक पंडित राघव मिश्रा और संस्कार मंच के जिला संयोजक जितेंद्र तिवारी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के कोच लखन ठाकुर और विमला ठाकुर करेंगे।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता में सीहोर के अलावा भोपाल, उज्जैन, इंदौर, शहडोल, देवास, हरदा, रीवा, जबलपुर और टिमरनी समेत कई जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में आए खिलाड़ियों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई है।

**24 से ज्यादा पदक जीते :** प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए कोच लखन ठाकुर के नेतृत्व में सीहोर के 60 से ज्यादा खिलाड़ियों ने सात दिन का प्रशिक्षण लिया है। पिछली प्रतियोगिता में सीहोर के खिलाड़ियों ने 24 से ज्यादा पदक जीते थे। इस बार भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

### 8 वर्ष बाद भी 25% कार्य अधूरा, कुंवर चैनसिंह डैम जल आवर्धन योजना बेहाल

# नगर में टैंकरों से हो रही पानी की सप्लाई, हर घर नलजल योजना ठप






हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/कुरावर

हर घर नल और जल पहुंचाने के सरकार के सपनों और वादों को यदि टूटता हुआ देखना है तो कुरावर आइए जहां पर बारिश के महिनों भी टेंकरों से पानी लेने को मजबूर है नगरवासी। यहा पर जिस नलजल योजना को 2017 अगस्त से शुरू होकर अगले 850 दिनों में नगर की प्यास बुझाने का जिम्मा जिस कंपनी को सौंपा गया था वह अधूरा काम छोडकर भाग गई। इसमें हैरत की बात यह है कि अधूरा काम होने के बाद नगरपरिषद कुरावर ने 2024 में अपने हेंडओवर कैसे ले लिया जबकि आज भी 25 प्रतिशत काम नहीं हुआ है। फिर कंपनी का पेमेंट कैसे हो गया यह भी प्रश्नचिंह भी जिम्मेदारों पर खडें हो जाते है।

कुरावर,बोडा और कोटरी; आष्टाके हाल यह है कि कंपनी ने पहले ही जरूरत के हिसाब से कम नल कनेक्शन कर अपने काम की इतिश्री कर ली अधूरे काम में जल की सप्लाई भी पिछले 2 महिनों से नहीं को पा रही है जिसका कारण कारण कुरावर-कालापीपल रोड के समीप खुदाई कार्य के चलते नल जल योजना के पाइपों को क्षतिग्रस्त होना बताया जा रहा है। योजना को 08 वर्ष से अधिक हो गया है परंतु आज तक नलजल योजना का पानी सभी लोंगो के घर नही पहुंच पाया है। वर्ष 2016 में प्रदेश सरकार से पूर्व नगर अध्यक्ष रमादेवी जागीरदार की मांग पर मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने कुँवर चैनसिंह ड़ैम से नलजल योजना संचालित करने के लिए 2016 में योजना तथा सर्वे कर कोलकाता बेस्ट बंगाल की निजी कंपनी को टेंडर सौंप दिया था। कंपनी ने 4 अगस्त 2017 को 850 दिन में कार्य पूर्ण कर जल सप्लाई करना आश्वासन दिया था परन्तु 08 वर्ष बीतने के बाद भी कंपनी काम पूरा नही कर पाई है।

#### करोड़ों की नलजल योजना को लगा दिया पलीता

योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा रियान वाटर टेक प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता को टेंडर दिया गया है जिसे 3 टाउन में पूरे करना था। इन 3 टाउन में कुरावर, बोड़ा और कोटरी (आष्टा) सीहोर में जलप्रदाय योजना (1ए) शामिल है पूरी योजना के लिए 37,02,65,859.90 की राशि खर्च कि जा रही है। 10 साल तक कंपनी मेंटेनेंस करेगी जिसके लिए 15 करोड रुपए रहेंगे शेष राशि निर्माण में लगेगी। कुरावर के लिए नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम कुंवर कोटरी के समीप स्थित कुँवर चैनसिंह डेम से कुरावर तक 25 किलोमीटर की दूरी तय कर योजना का पानी वार्ड क्रमांक 13 कालापीपल रोड स्थित फिल्टर प्लांट पर लाया जा रहा है जहां पर पानी फिल्टर होकर नई टंकी जिसकी क्षमता 900 के एल व डब्लू टी पी 4.7 एमएलडी तथा वार्ड क्र 05 इंदिरा आवास कॉलोनी स्थित पानी की टंकी पर एकत्रित होगा। यहां पर ढाई लाख लीटर की क्षमता की टंकी का निर्माण हो रहा है जो पानी को स्टोर करके रखेगा, यहां से नगर के 40 किलोमीटर क्षेत्र में बिछी पाइप लाइन में पानी दौड़ेगा जिससे शहर के प्रत्येक घर पानी पहुंचेगा।

#### अकेले कुरावर में कई वार्डों में अधूरा पड़ा काम

कुरावर के वार्ड क्रमांक 01, 02 व 03 में आधे अधूरे कनेक्शन ही लगे हैं। वही जहां पर कनेक्शन लगे है वहां पर दो महिने से नल में पानी नही आ रहा है। परियोजना क्रियांवयन ईकाई भोपाल के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि लगभग 25 हजार की आबादी वाले कस्बे में जल प्रदाय योजना का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के इस वर्ष अक्टूबर तक पूरा हो जाने की संभावना है।

#### इनका कहना है...

नलजल योजना के लिए लगाई गई चार मोटर पम्प जल गए थे उन्हे ठीक करवा लिया गया है सप्लाई में फिल्टर प्लांट में कहां फाल्ट आ रहा है उसे दिखवाया जा रहा है सम्भवतः आज शाम तक नगर में जल सप्लाई किया जा सकता है।

लीलाधर सेन,
मुख्य नगर परिषद अधिकारी कुरावर

तकनीकि खराबी के चलते कुछ दिनों से नलजल योजना बंद है, हम इस समय डेम पर है हमारे साथ भोपाल व बालाघाट की टीम भी है जो सुधार कार्य कर रहे है,

दिवाकर शुक्ला,
प्रभारी रियान वाटर टेक प्राइवेट लिमिटेड

### दो आरोपियों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज

# फॉरेस्ट के उड़नदस्ते ने राजस्थान सीमा से पकड़ी 50 क्विंटल लकड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



कहीं विकास के नाम पर तो कहीं हरियाली के दुश्मन बनकर बैठे वन माफियाओं द्वारा हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुध कटाई लगातार जारी है। वन विभाग की आंख बचाकर वन माफिया रात के अंधेरे में बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई करते हुए न केवल दूसरे जिलों बल्कि सीमा से सटे राजस्थान राज्य में भी अवैध लकड़ियों का परिवहन करने में लगे हैं।

हालांकि, इस बार वन विभाग द्वारा गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ते ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे कार्यवाही करते हुए राजस्थान सीमा पर 50 क्विंटल बबूल की लकड़ियों से भरे टैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। माचलपुर क्षेत्र के घोघटपुर के समीप राजस्थान सीमा पर अवैध रूप से लकड़ियों का परिवहन होने वाला है। सूचना मिलने के बाद रात्रिकालीन गश्ती टीम ने संबंधित स्थल पर घेराबंदी की। इस दौरान सामने से एक टैक्टर-ट्रॉली आते नजर आई जिसमें बबूल की लकड़ियां भरी हुई थी। जब इस संबंध में टैक्टर चालक सत्तार पिता रुस्तम खान से कागजात मांगे गए तो वो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर टीम द्वारा वाहन समेत पूरी लकड़ियां जब्त कर ली गईं।

#### 50 हजार रुपए कीमती है जब्त लकड़ी

विभाग द्वारा जब्त की गई लकड़ियों की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई जा रही है। टीम प्रभारी श्री भिलाला ने बताया कि इन लकड़ियों का मालिक फरीद पिता हबीब खान निवासी जीरापुर है। ऐसे में सत्तार और फरीद दोनों को आरोपी बनाते हुए वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। डीएफओ बे.पी. दोतानिया के निर्देशन में हुई इस कार्यवाही में वन क्षेत्रपाल मोहन सोनगिरा, उप वनक्षेत्रपाल रणजीत सिंह गुर्जर, वनपाल सुमेर सिंह, जीतेंद्र, सुनील विश्वकर्मा का भी योगदान रहा।

## बस स्टैंड पर चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था, रोजाना लगता है जाम



कुरावर। इन दिनों नगर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है । बस स्टैंड के चारों तरफ छोटे बड़े वाहनों सहित, कार, स्कूल बस, ट्रक व बसे बड़ी संख्या में फंसे रहे। दोपहर करीब 03 बजे से लगभग 04 बजे तक एक घंटे सैकड़ो वाहन जाम में फंसे रहे। आए दिन बस स्टैंड पर जाम जैसे हालात बन जाते है। जानकारी के अनुसार हाईवे चल रहे कार्य के चलते हाईवे से निकलने वाले वाहनों को इन दिनो नगर के सर्विस रोड से निकला जा रहा है जिसके चलते यातायात प्रभावित हुआ है । वही ब्रिज के नीचे स्थानीय नागरिक व यात्रीगण वाहन खड़े कर के चले जाते है । स्थानीय नगर प्रशासन व पुलिस प्रशासन इस और ध्यान नही देता जिसके चलते प्रतिदिन ये स्थिति निर्मित होती है।

## सफाई कर्मचारियों ने दो माह से वेतन न मिलने पर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन



सारंगपुर। नगर पालिका परिषद सारंगपुर के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम प्रभारी सीएमओ सूर्य प्रकाश झाला को ज्ञापन सौंपकर दो माह से लंबित वेतन भुगतान की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। ज्ञापन में बताया गया कि दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। वहीं स्थायी कर्मचारियों का सितम्बर माह का वेतन भी अभी तक जारी नहीं हुआ है। कर्मचारियों ने कहा कि वेतन न मिलने से उनके घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है और इसलिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 के बीच वेतन भुगतान नहीं किया गया, तो 15 अक्टूबर के बाद सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को विवश होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।ज्ञापन देने वालों में रवि गिरजे, मनीष गिरजे, रमेश, कुंवरलाल, संदीप, भारतसिंह, लखन गजभिये सहित कई सफाई कर्मचारियों मौजूद थे।

# खाद्य विभाग की नरसिंहगढ़ में कार्रवाई

### कलेक्टर के निर्देश पर पहुंचे जेल, रेस्टोरेंट व किराना दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़



कलेक्टर राजगढ़ के निर्देशानुसार नरसिंहगढ़ स्थित जेल परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्य एसडीएम सुशील कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जांच के दौरान जेल में कैदियों को परोसे जाने वाले खाद्य सामग्री, भंडारण एवं क्रय संबंधित आवश्यक रिकॉर्ड की गहन जांच की गई। निरीक्षण में पाया गया कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और भंडारण की व्यवस्था संतोषजनक है।

खाद्य सामग्री की आपूर्ति टेंडर प्रक्रिया के तहत विंध्य खादी ग्रामोद्योग विभाग से प्राप्त की जा रही है। एसडीएम सुशील कुमार ने बताया कि आगामी समय में भी जेल परिसर की पाकशालाओं का नियमित निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि कैदियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में हिमालय रेस्टोरेंट एंड कैफे का भी शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ अनियमितताएं एवं शंका अनुसार पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए नरसिंहगढ़ शहर की विभिन्न किराना दुकानों कृ अनूप स्टोर, शकील किराना, भाटी किराना, अब्बास किराना सहित अन्य दुकानों की भी जांच की गई। इस दौरान पनीर, गुलाब जामुन मिक्स, राजनंदन गुलाब जामुन मिक्स, फिंगर आदि के नमूने जांच हेतु लिए गए, वहीं हिंद बेकरी से टॉस एवं पाम तेल के नमूने भी जांच के लिए एकत्र किए गए।

#### इनका कहना है...

जिला कलेक्टर एवं सीएमएचओ के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सख्त निगरानी एवं कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

शिवराज पावक
खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़

### ब्लॉकों में की जा रही कार्रवाई

## बगैर वैध दस्तावेजों के संचालित हो रहे क्लीनिक को किया सील



राजगढ़। जिले के अमूमन सभी ब्लॉकों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। ये कथित डॉक्टर बगैर किसी डिग्री/डिप्लोमे एवं स्वास्थ्य विभाग के पंजीयन के बिना एलौपैथिक तरीके से मरीजों का उपचार करने में लगे हुए हैं, जो मानव जीवन के लिए खतरा साबित हो सकता है। ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा इस तरह अवैध रूप से मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए हुए हैं। इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने जिले के सभी ब्लॉकों में अलग-अलग टीमें गठित करने उन्हें अवैध क्लीनिकों, झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के आदेश जारी किए हैं। विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि खिलचीपुर तहसील के जैतपुराखुर्द में एक बंगाली डॉक्टर द्वारा एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इस पर सीबीएमओ डॉ. डी.आर पच्चीसिया एवं तहसीलदार रामप्रताप ठाकुर द्वारा उक्त डॉक्टर के क्लीनिक पर औचक दबिश दी गई। क्लीनिक को चेक करने पर वहां बड़ी संख्या में विभिन्न तरह के इंजेक्शन, सिरिंज, दवाईयां, एंटीबायोटिक और बच्चों के दिए जाने वाले शिरप रखे पाए गए।

#### दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी

क्लीनिक में ऐलोपैथिक दवाइयां पाए जाने पर सील करने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही संबंधित डॉक्टर को 3 दिवस में क्लीनिक में किए जाने वाले उपचार संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया गया है। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस टीम में डॉ. कोमल दांगी, फार्मासिस्ट रानू झा समेत अन्य शामिल थे।

## एनसीसी चालू करने व अन्य मांगों को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



राजगढ़। कहने को तो राजगढ़ महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसी नाम देते हुए अध्ययन, अध्यापन सहित अन्य गतिविधि संचालन के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं पर हकीकत में हालात ठीक इसके उलट हैं। राजगढ़ डिग्री कॉलेज में एनसीसी (नेशनल क्रेडिट कोर) जैसी महत्वपूर्ण ईकाई सालों से बंद है। ऐसे में एनसीसी के जरिए आगे अपना भविष्य संवारने के इच्छुक युवाओं को मजबूरन राजगढ़ छोड़कर बाहर के महाविद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ रहा है। ऐसे में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघटनद एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जगमोहन वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर कॉलेज प्राचार्य विपिन बिहारी खरे को एक ज्ञापन सौंपते हुए एनसीसी यूनिट को चालू करवाने की मांग रखी गई। इसके साथ ही महाविद्यालय के क्रीडा विभाग में कुछ सालों से नियमित क्रीडाधिकारी न होने से खेल-गतिविधियों के सुचारू संचालन में आ रही परेशानियों से भी प्राचार्य खरे को अवगत कराया गया।

### मंत्री टेटवाल के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री से की भेंट



सारंगपुर। गुरुवार को सारंगपुर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने राज्य मंत्री गौतम टेटवाल की मौजूदगी में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास, संगठन की गतिविधियों एवं जनसमस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने सारंगपुर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और आगे भी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनता के हित में काम करने की बात कही। इस दौरान भाजपा नेता निर्मल जैन सहित भाजपाई मौजूद थे।

## कांग्रेस की बैठक आयोजित



जीरापुर। भाजपा कि कार्य करने की दोहरी नीति से किसानों को बीमा मुआवजा नहीं मिल रहा है लाडली बहना की राशि का झूटा वादा अभी तक राशि नहीं बढ़ाई। जैसे अहम सवाल है जिससे जनता परेशान हैं हमें उन सभी मुद्दों को जनता के बीच बताना होगा। कांग्रेस समन्वय समिति का दायित्व एवं कर्तव्य बताया तथा कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं संगठन के हर कार्य को प्राथमिकता से करना है। स्थानीय सोंधिया समाज धर्मशाला में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जहां अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने बताया कि कांग्रेस कमजोर नहीं ,कांग्रेस संगठन की वजह से कमजोर हुई थी जब से प्रियव्रत सिंह ने संगठन की बागडोर संभाली मजबूती मिली है। वोट चोर गद्दी छोड़ फार्म भरने का लक्ष्य पांच हजार का है लेकिन हमारा प्रयास लक्ष्य से अधिक फार्म भरने है। हमारी विधानसभा में किसी भी तरह का मतभेद नहीं है, हमारे यहां सब कार्यकर्ता एक मत होकर राजा साहब के साथ चलते हैं यही हमारी एकजुटता है।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में भाजपा की प्रेसवार्ता

# स्वदेशी एक नारा नहीं बल्कि भारतीयों का संकल्प व जीवन पद्धति है: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



भाजपा जिला कार्यालय में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के तहत शुक्रवार को को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद रोडमल नागर ने कहा कि स्वदेशी महज एक नारा नहीं बल्कि भारतीयों का संकल्प और जीवन पद्धति है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने में देश की जनता को स्वदेशी उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि देश के युवा स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा को बढ़ावा देकर देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहभागिता करें। आज भारत का रक्षा निर्यात 23 हजार करोड़ से अधिक पहुंच चुका है। भारत वर्तमान में प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ के मोबाइल निर्यात कर रहा है। मोबाइल निर्माण में भारत विश्व में दूसरे नंबर पर है। ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर निर्माण में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है वहीं बस निर्माण में दूसरा और ट्रक निर्माण में भारत तीसरे स्थान पर है। प्रेसवार्ता के अवसर पर जिले के दोनों मंत्री, सभी विधायक पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

#### स्वदेशी के बढ़ावे हेतु घर-घर संपर्क करेंगे पार्टी कार्यकर्ता

स्वदेशी उत्पादों के बढ़ावे के लिए भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। गत 25 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा। इसके तहत 1 से 30 नवंबर तक स्वदेशी रील्स प्रतियोगिता ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता, आत्मनिर्भर भारत निबंध प्रतियोगिता, आत्मनिर्भर भारत स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 1 से 25 दिसंबर तक घर-घर संपर्क, 16 से 30 अक्टूबर तक महिला एवं युवा सम्मेलन, 1 से 15 नवंबर तक व्यापारी, लघु उद्योगी एवं प्रोफेशनल्स सम्मेलन व कालेज स्तरीय स्वदेशी संकल्प सेमिनार, 16 से 30 नवंबर तक स्वदेशी मेला, 1 से 25 दिसंबर तक घर-घर संपर्क, आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ और पदयात्रा का आयोजन होगा। इसके साथ ही अन्य दिनों में अलग-अलग आयोजन होंगे।

### संभाग स्तरीय टेबल टेनिस में हुआ चयन



ब्यावरा। 8 से 9 अक्टूबर भोपाल में अरविंदो स्कूल में आयोजित 19 वर्ष बालक में मानस हायर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा के कक्षा 11वी के छात्र भविष्य सेन का चयन हुआ है छात्र राजगढ़ जिले की ओर से शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा भविष्य की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल ,प्राचार्य आर एस राजपूत, खेल शिक्षिका विद्या चैहान निकिता जोशी सहित समस्त मानस परिवार ने बधाई दी और छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी : डॉ. श्वेता

### आरोग्य भारती ने बालिका छात्रावास में आयोजित किया किशोर अवस्था स्वास्थ्य आयाम कार्यक्रम



सारंगपुर। आरोग्य भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा बालिका छात्रावास सारंगपुर में बहनों के किशोर अवस्था स्वास्थ्य आयाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. श्वेता अरोरा, प्रांत आयाम प्रमुख आरोग्य भारती ने कहा कि "स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। हमें अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। योग, व्यायाम और ध्यान से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। हमारा खानपान और रहन-सहन हमारे विचारों को सकारात्मक बनाता है। जब मन प्रसन्न होता है, तो शरीर में खाया हुआ अन्न भी शक्ति और उत्साह प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि नकारात्मक विचार हमारी प्रगति में बाधक हैं, इसलिए हमें अपने तन-मन को संकल्प शक्ति से सशक्त बनाना चाहिए, ताकि छोटी-मोटी नकारात्मक बातें हमारे मन-मस्तिष्क पर असर न डाल सकें। कार्यक्रम में आरोग्य भारती प्रांतीय सचिव डॉ. ओमप्रकाश सोनी ने संगठन की भूमिका रखते हुए बताया कि "आरोग्य भारती पूरे देश में 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की भावना से कार्य कर रही है। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ, जो छात्रावास अधीक्षक रजनी व्यास ने किया।

**खबर संक्षेप**

### निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**देवास।** शंकरगढ़ स्थित गौशाला का निरीक्षण नगर निगम जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बेस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, भाजपा नेता राजेश जैन, निगम स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर, तथा गौशाला संचालक बसंत वर्मा एवं संदीप बैरागी उपस्थित रहे। श्री बैस के द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन 70 बाय 70 फीट के गौशाला शेड की प्रगति की समीक्षा की गई। कार्य की धीमी गति को देखते हुए संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण कार्य देख रहे इंजीनियर से चर्चा की गई तथा कार्य की गुणवत्ता एवं मात्रा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आहार की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं भंडारण व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा पशुओं को पौष्टिक एवं स्वच्छ आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बेस ने यह भी निर्देश दिए कि गौशाला में आने वाले धार्मिक श्रद्धालुओं, जो माता-पिता की पुण्यतिथि, जन्मदिवस अथवा जप-ध्यान हेतु कुछ समय के लिए रुकते हैं, उनके लिए शौचालय एवं स्नानागार जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएं।

### कफ सीरप से मासूम बच्चों की असमय मौत के बाद कांग्रेस का कैंडल मार्च

**बागली।** छिंदवाड़ा में जहरीले सिरप से मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस अमानवीय लापरवाही के विरुद्ध गुरुवार रात्रि को नगर कांग्रेस कमेटी बागली द्वारा गांधी चौक पर कैंडल मार्च निकालकर दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग की।

अपनी फसल बेचने के लिए इधर-उधर भटक रहे सिद्धिगंज के किसान

# बंद पड़ी कृषि उपज मंडी, शराबियों और असामाजिक तत्वों ने बनाया अपना अड्डा

जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण किसानों को हो रहा आर्थिक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

कृषि मंडी में सिद्धिगंज क्षेत्र के किसान अपनी फसल बेचने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। सिद्धिगंज क्षेत्र के किसान मजबूरी में अपनी फसल को कम दामों में बाजार में बेच रहे हैं। किसानों का कहना है कि मंडी चालू नहीं होने के कारण हम किसानों को हमारी फसलों को पानी के भाव में बिना लाइसेंसधारी व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है। सिद्धिगंज को तहसील टप्पा का दर्जा भले ही मिल गया हो, पर ग्राम वासियों को कोई भी सुख सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। देखा जाए तो ग्राम सिद्धि गंज में कई वर्षों पुरानी कृषि उपज उप मंडी बनी हुई है पर ग्राम के एवं क्षेत्र के किसानों को उसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।



### मंडी प्रभारी व बाहरी व्यापारी की मिलीभगत से नहीं हुई चालू

क्षेत्र के किसानों ने बताया कि यहां मंडी कई साल पुरानी है। न तो किसानों को कभी मंडी खुली मिलती है न ही अनाज मंडी का लाभ मिल पा रहा है। जब सालों पहले मंडी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था तब क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों को लगा था कि आने वाले समय में इसका लाभ मिलेगा और अपनी फसल बेचने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। पर ऐसा दिखता नजर नहीं आ रहा। शासन के लाखों रुपए पानी में ही जा रहे हैं। कुछ साल पहले ही उप मंडी में लाखों रुपए की लागत से टीन सेट व परिसर की बाउंड्री वॉल की गई। जिसमें शासन के लाखों रुपए खर्च हुए हैं।





### शराबियों ने बनाया अड्डा

उप मंडी बस दारू का अड्डा बना हुआ है, शाम होते ही असामाजिक तत्व शराब लेकर मंडी पहुंच जाते हैं और अपना कार्य चालू कर देते हैं। सिद्दीगंज उप मंडी का तो फायदा सामाजिक तत्व को ही है। उप मंडी बस शराबियों का अड्डा बना हुआ है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि हम सभी किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए आष्टा या जावर मंडी जाना पड़ता है। जहां पर अत्यधिक समय बर्बाद होता है। किराए का वाहन कर अपनी फसल ले जाना पड़ता है। जिसमें हम छोटे किसानों को समय व धन दोनों की हानि होती है। कई किसानों को तो सिद्धिगंज में बाहर दुकानों पर ही अपनी फसल बेचना पड़ रहा है। जिसमें व्यापारी मनमानी के चलते फसल के दाम लगाते हैं। हम किसानों को मजबूरी में ही हमारी फसल को यहीं पर बाहरी व्यापारी को बेचना पड़ रहा है।

### 40 से ज्यादा गांव के किसान मंडी के कारण होते हैं परेशान

सिद्धि गंज क्षेत्र के अंतर्गत 40 से 50 गांव आते हैं सभी गांव के लोग एवं किसान अपनी फसल या तो आष्टा या जावर बेचे जाते हैं या फिर मजबूरी में सिद्धि गंज में ही कम दामों में बेचना पड़ रहा है सिद्दीगंज अंतर्गत श्यामपुर मगरदा, नर्पा खेड़ी, पगारा, बारूखाल ,रूपकुंड, नानाझिरी, गुराडिया राव, शाहजहांपुर, धर्मपुरी, जसमत, नौगांव, बापचा ,खाचरोद, पीथापुर, गोविंदपुरा, अमरपुरा टॉपर, बुरान खेड़ी, समरीबोंडा, उमरदाड, भगतपुरा, समरी मानसिंह, धूराडा कला, झंझनपुरा, कतला, धींगा खेड़ी, बरखेड़ी, अमरपुरा, देहमत, इलाई, नीलबड़, खजुरिया कासम, कोटिया नाला, छोटे बड़े गांव आते हैं। सभी गांव के किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिम्मेदार इस ओर क्यों ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## भावांतर भुगतान योजना की व्यवस्था देखने अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

अधिकारियों को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार को अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने भावांतर भुगतान योजना की सुचारू व्यवस्था देखने के लिए कृषि उपज मंडी समिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडी प्रांगण के प्रवेश द्वार पर हेल्प डेस्क, तैनात कर्मचारी, जहां से प्रवेश पर्चियां किसानों को प्राप्त होनी है उस काउंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडी सचिव नरेंद्र मेश्राम द्वारा सोयाबीन की पंजीकृत और अपंजीकृत किसानों की एक ही लाइन के लिए एक ही काउंटर की व्यवस्था की गई है। साथ ही सोयाबीन के अतिरिक्त अन्य कृषि उपज के लिए कृषक विश्रामगृह में अलग से कंप्यूटर और ऑपरेटर की व्यवस्था की गई है। ताकि संबंधित किसान कृषक विश्रामगृह से प्रवेश पर्ची प्राप्त कर सके। इसके बाद अपर कलेक्टर द्वारा नीलाम शेड में जाकर कैमरो और सफाई की अन्य व्यवस्थाएं देखी गई। अपर कलेक्टर द्वारा वर्तमान व्यवस्था को देखकर कहा गया कि पहले की तुलना में आज कृषि उपज मंडी समिति आष्टा की व्यवस्था में काफी परिवर्तन देखने को आया है।

इस दौरान कार्यालय में बैठकर उन्होंने भावांतर भुगतान योजना तथा मंडी से संबंधित अन्य विषयों पर भी चर्चा की। मंडी सचिव द्वारा भावांतर भुगतान योजना प्रोटोकॉल के तहत जारी किए गए कार्य दायित्वों के संबंध में जारी किए गए दिशा निर्देश और चेकलिस्ट आदि की जानकारी ली तथा एक मॉडल के रूप में जिले में इस तरह के आदेश को लागू किया जाएगा ऐसा उन्होंने कहा। बताया गया कि संभवत आगामी कार्य दिवस में उनके द्वारा जावर मंडी का भ्रमण किया जाएगा।

### अनोखा विरोधः वार्ड 42 में गड्ढों का हुआ पूजन

**देवास।** वार्ड नंबर 42 के रहवासियों ने शुक्रवार को जर्जर सड़क की बदहाली के खिलाफ अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। पार्षद श्याम पटेल के नेतृत्व में मल्हार रोड धुनी संस्थान से सिल्वर कॉलोनी चौराहा तक की टूटी-फूटी सडक पर गड्ढों को पुष्पमाला पहनाकर गड्ढा पूजन किया गया। रहवासियों का कहना है कि इस मार्ग की स्थिति बेहद खराब है और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यह सड़क कायाकल्प अभियान के तहत बनाई गई थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा किए गए गुणवत्ता विहीन कार्य के कारण कुछ ही समय में सड़क उखड़ गई। जब रहवासियों ने इसकी शिकायत पार्षद से की तो उन्होंने मौके पर इंजीनियर को बुलाया और वर्क ऑर्डर के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। लेकिन इंजीनियर की फटकार के बाद ठेकेदार काम अधूरा छोड़ भाग गया। पार्षद श्याम पटेल ने बताया कि उन्होंने कई बार पत्रों, फोन और व्यक्तिगत रूप से आयुक्त से मिलकर इस समस्या की शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं की।

## सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु के लिए चांद देखकर खोला व्रत, नवविवाहित जोड़ों में दिखा खासा उत्साह



**आष्टा।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर ने भी अपनी जीवनीसंगनी संग करवाचौथ का पर्व मनाया।



**आष्टा।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना विनीत सिंघी अपने चांद को निहारते हुए



**आष्टा।** नवविवाहित जोड़े ने उत्साह के साथ पहली बार करवाचौथ का पर्व मनाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सुहागिन महिलाओं के लिए करवा चौथ यादगार दिन होता है। दिन भर महिलाओं ने खरीदारी के बाद शाम को चांद देख कर विधि विधान से पूजा अर्चना की और व्रत खोला पति की लंबी उम्र की कामना की। शुक्रवार को रिश्तो की मिठास बढ़ाने वाला करवा चौथ पर पर बाजार गुलजार रहे। दोपहर में तो बाजार में ग्रहकी कम थी। लेकिन 4 बजे बाद अचानक बाजार में भीड़ उम्रप पड़ी। शहर के बस स्टैंड, अस्पताल के पीछे, बुधवारा, खंडेलवाल चौराहा, बड़ा बाजार सहित अन्य बाजारों में महिलाओं की खरीदारी के लिए भीड़ रही। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन, ज्वेलरी और पूजन सामग्री की खरीदारी की वही करवा, चलनी, दिया ,फूल आदि पूजन सामग्री की भी खरीदारी की महिलाओं ने सजने के लिए ब्यूटी पार्लर का सहारा लिया वही बाजार में मेहंदी बनाने वालों की दुकान पर भी महिलाओं की भीड़ देखी गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी करवाचौथ को लेकर उत्साह देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्रामीण महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से चांद की पूजा अर्चना कर अपने पति के हाथों से जल ग्रहण कर वृत पूरा किया।

## स्वर्णकार वुमेंस वेलफेयर फाउंडेशन की महिलाओं ने मनाया करवा चौथ का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


रानी सोनी, नीलम सोनी द्वारा करवा चौथ पर्व आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन की सभी महिलाओं द्वारा सुहाग का सामान सभी सुहागन बहनों को वितरित किया। जिसमें हरी चूड़ियां, कुमकुम की डिबिया मेहंदी, हल्दी, बिंदिया और अनेक सुहाग की सामग्री वितरित की गई। स्वर्णकार वुमेंस वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष सविता ने बताया की करवा चौथ पर हर सुहागन स्त्री को पूरा 16 श्रृंगार करना चाहिए ,और सभी सुहागन महिलाओं को यह त्यौहार को मनाना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित सुनीता जय श्री ज्वेलर्स, बबीता, मोनिका, सुनीता, शीतल, भगवती, कला सोनी, श्वेता सोनी, कविता, सोनिया, कंचन, सोनू, बिना रिना, ललिता, मधु, बबिता, रविना, दीप्ति, टिना, रिषिका, संगीता डसानिया, गायत्री, ज्योति माया, सगीता सावरिया, निर्मला, तृप्ति, ज्योति, रश्मी, वीणा, अनीता, मंजू सहित बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थी। सभी का सविता सोनी अध्यक्ष ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

दूधी नदी ने काट रखा है रास्ता, बच्चों से लेकर बीमार तक सब परेशान

## भाजपा नेता को ग्रामीणों ने रोका, बोले हमारी समस्या तो देखो





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

तहसील जावर के दर्जनों गांवों के लिए दूधी नदी बरसात में मुसीबत बन जाती है। खेजड़ाखेड़ा, अतरालिया, बादा गुराड़िया और आसपास के गांवों के लोगों का संपर्क बारिश में टूट जाता है।

खेत तक जाना मुश्किल, स्कूल जाना मुश्किल और ज़रूरत पड़ने पर इलाज कराना भी चुनौती बन जाता है। बीते दिनों भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय प्रभारी डॉ. राजकुमार मालवीय एक स्थानीय कार्यक्रम में पहुंचे थे।

जैसे ही कार्यक्रम खत्म हुआ, ग्रामीणों ने उन्हें रोक लिया और कहा भाईसाहब पहले हमारी समस्या देखिए, फिर बाकी बात कीजिए। ग्रामीणों ने उन्हें सीधे दूधी नदी तक ले जाकर दिखाया कि किस तरह बारिश के समय ये नदी उनका रास्ता रोक देती है। कई बार स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। ट्रैक्टर और वाहन नहीं निकल पाते, और गंभीर बीमारों को अस्पताल तक नहीं ले जाया जा सकता।

ग्रामीणों ने बताया कि अब तक कई जानें जा चुकी हैं, लेकिन आज तक पुल निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हुई। डॉ. मालवीय ने मौके पर स्थिति का जायज़ा लेने के बाद कहा कि यह अब विकास का नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा का विषय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मामले को शासन स्तर पर गंभीरता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूधी नदी पर पुल निर्माण अब प्राथमिकता में लिया जाएगा।

संबंधित विभागों से समन्वय कर प्रस्ताव आगे बढ़ाया जाएगा और मुख्यमंत्री तक ग्रामीणों की यह आवाज़ पहुँचाई जाएगी। डॉ. मालवीय ने कहा अब सिर्फ सुनना काफी नहीं, समाधान ज़रूरी है। यह पुल अब सिर्फ एक निर्माण नहीं, ग्रामीणों की जरूरत और हक है।

## कदम से कदम मिलाकर निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम खाचरोद में पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचालन में स्वयंसेवकों ने गणवेश में अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए नगर भ्रमण किया। ग्राम वासियों द्वारा जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया वही ग्राम में घरों के सामने रंगोली बनाकर स्वयं सेवकों पर फूलों की वर्षा की गई इस अवसर पर संघ के प्रमुख वक्ताओं ने राष्ट्रीय एकता संस्कार और अपने देश की संस्कृति को बनाए रखना वह समाज सेवा के बारे में विस्तार से बताया पथ संचलन राम मंदिर से शुरू होकर ग्राम के मुख्य मार्ग से निकल गया। जिसमें खाचरोद, खामखेड़ा, रामपुरा कला, रोलागाव छापर, बड़कोला, बरघाटी, भील खेड़ी, कन्नौज शिवजी, पगारिया हाट, बापचा बरामद, नौगांव, उदयपुर, सिद्धिगंज आदि गांव के स्वयंसेवक उपस्थित थे।